नहीं शक्ति मुनिव्रत की तिनमें नहिं श्रावक की व्रत देस भणे॥
इस कारण सम्यक्त्व सभी मुनिको पद उत्तम जान तिणे।
तिनके पद पंकज पूजन की बहु भक्ति करैं जन दास बनै ३६२

अर्थ —श्री वितराग देव ने कहा है के देवता अति बलवत साहस मे पूरे और चतुर गुणवन्त संसार के वस्तु से कार्य सिद्ध करने में बड़े होनहार हैं परन्तु साधु महाराज के पंचमहाव्रत पालन की शक्ति नहीं लेकिन श्रावक के भी १२ व्रत नहीं पाल सकते हैं और होते हैं सम्यक दृष्टि जिनेकी गुण सही है और सत महात्मा का पद उत्तम जाणे आपन से ऊंचा मानते और उन्हों के चरण कमलों में वन्दना नमस्कार करके सेवा भक्ति करते और सेवक बन के रहते मनुष्य हर समय ॥३६२॥

रिपु मोह महाबल साधु हणे नहीं शक्ति सुरिंद महाबल की।
सुरतेन भये मुनिलोक अलोक प्रकाश करैं द्युति केवल की॥
सब दूर अशक्ति करैं करणी मुनि मोक्ष महा पद उज्जवल की
इस कारण देवमहा मुनिका धरभक्ति मनिष्य महाफलकी ३६३

अर्थ —इस जीव का परम शत्रु है मोहनी कर्म महा बली है सदा संसार में भ्रमण करने वाला है जिसको महामुनि जन उस मोह

कर्म का नाश करते हैं, ऐसी शक्ति तो देवता के इन्द्र में भी नहीं है तो छोटे देवों का क्या कहना है, और इन्द्र देवों से नहीं होती संत महात्मा लोग लोक में केवल ज्ञान की ज्योति प्रकाशते हैं, सर्व देव रूपी इन्द्र भी अशक्त हैं मोक्ष साधन की करणी से करणी तो महा साधु महात्मा कर सक्ते हैं इसी वास्ते इन इन्द्रादि साधु महाऋषियों के चरण कमलों में नमस्कार करते हैं और चित्त में भाव भक्ति करते हैं जो आगामी काल सुख मङ्गल देनेवाली भक्ति जो भक्ति है वह सुगति सुरूप सुशील सुतप सुदान सुबुद्धि सुपरिवार सुयश सुमान भाग्य लक्ष्मीसुपुत्र भगवत की भक्ति देने वाली है ॥३६३॥

जिनराज समोसरणे इक कोड़ जघन्य पदे सुर सेव करें ।
उतकिष्ट परसन इन्द्र समेत असंख्य मिलें जिन मोद भरें ॥
जिन जन्म समय दिख रूप समय वर केवल पावन मोक्ष वरें ।
सब इन्द्र महोत्सव आय करें शुचि अंग उपांग सुभक्ति भरें ॥३६४

अर्थ —देवाधिदेव तीर्थंकर देवजी के समोसरण में जघन्य तो एक क्रोड़ देव सेवा में होते हैं भक्ति करने वाला और जब उत्कृष्टे होते हैं तो असंख्याते देवता होजाते हैं सारे इन्द्रादि देव परिवार सहित आवे तब हो जाते हैं और सब मिल सनतादि मिलकर आये हैं और श्री तीर्थंकर देवका जन्म दिक्षा केवल ज्ञान निर्वाणादि का महोत्सव करने के लिये ६४ इन्द्र मिलकर आते हैं खुशी मनाते हैं और अंग उपंग से भाव भक्ति करके हरे भरे होजाते हैं ॥३६४॥

जिन पाद प्रदेश सुदष्ट करे वहु रत्न प्रदेश ग्रह सुचने ।
तिह मेल रचे सुर वैक्रय को वहु रूप जनेयुत वृन्द गुणे ॥

वहु द्रव्य रचे युत आदिपुरी वनसिधु चमू इम और सुने।
सुशक्ति धर्णा नहीं मुक्तिमई मुनि शक्ति उर तदि देव धुने ३५

अर्थ—देवी दवते पर कोई किमी समय म वैक्रिय करन क ख्याल हो तो आपन शरीर के अन्दर म आत्म प्रदेश निकाले और असंख्यात योजन का दड करे अनेक प्रकार के विविध वर्ण रत्नादि के प्रदेश निचे और आपन प्रदेश रत्ना के वैक्रिय करे जैसी अपनी इच्छा हो सो रूप बना सकता है विविध रूप करे अनेक द्रव्य वस्तुओं को बना देवे जैसे अनेक नगर रचे घर हट हवेलि बजार आदि सहित करे या वृक्ष लता फल फूल सागर बलव वनचर खेचर पशादिक सागर नदी सरोवर बावडी समुद्र कच्छादि अनेक जाति करे वैक्रय से और सेना हाथी घोडे रथ पैदल नाना प्रकार के शस्त्रधारि जैसे और भी रचना करें देव ऐसी २ शक्ति देवता में बताई हैं भगवन ने परन्तु मुक्ति लेन की शक्ति नहीं मुनिजन ने आपनी आत्म शक्ति से लिया है अमर पद ॥३६॥

गुण पूर्ण सयमवत मुनि सुर तेज उलघ चले स्व चले।
इकमास प्रवर्जित व्यतर को उरगादि दुमास उलघ चले॥
इकमास त्रिमास बंधे तरते असुरो ग्रह तो इम इन्द्र नले।
इक सम्म दुमे २ चौ नवते पुनते मुनि उजल सर्व थले ॥३६६

अर्थ—जो साधु संयम में तप जप मे सेर विनय में ज्ञान सत्व में पूर्ण हो वह मुनि गुणवंत हैं उसका तप तेज देखो कैसे उपर जाते हैं अपने धर्म के बल से देवता के तेज बल को उलंघ ... तेजवत होवे (एक मास के साधु बाण ... स

और दोमासका साधु होवेतो नाग कुमारादिक नर जातिके भवणपतियों से उपर जावे ३ मासका साधु होवेतो असुर कुमारासे उपर जावे। चार मास का साधु होवे तो तारा ग्रह मे ज्योतिषी देवों मे उपरजावे। पंच मास का मुनि होवे तो चन्द्रमा सूर्य से ऊपर जावे। छै मास का अणगार होवे तो सुधर्मा ईशान देवलोक कल्पा से ऊपर जावे। सात मास का ऋषिश्वर होवे तो सं कुमार महेन्द्र दो कल्पों से ऊपर जावे आठ मासका सत होवे तो ब्रह्मदेवलोक लातक देव दो कल्पों से ऊपर जावे। नव मास का महात्मा होवे तो महा शुक्रदेवलोक सहस्र देव लोक दो कल्पों से ऊपर जावे। दश मास का श्रमण होवे तो आणत प्राणत आरण अच्युत ये चार देवलोक कल्पा म जावे, ग्यारा मास का त्यागी होवेत नव ग्रीवेग म जावे उपर, बारह मास का माहण होवे तो पंच अनुत्तर विमान वासी देवा म जावे ऊपर परन्तु क्षिपक श्रेणी में चढके सब से ऊपर सारे लोक को उलंघकरके अलो-लोक की संधि में जा विराजेंगे ॥३६६॥

इसलोक विषय नर नारि घरे सुर ध्यान सेवन मन लिये।
कर ध्यान रचे विधि पूजन की सुख संपति को बहु राज दिये।
जगराज कुराज कहे जिननी बिन कारण सुराज सिद्धान्त लिखे
इम कारण देवनमे मुनिको हम वदत है मुनि को हर्षे ॥३६७॥

अथ — इस ससार में बहुत स्त्री पुरुष देवी देवता को वन्दन पूजन करते हैं और मन्त्र जपे जंत्र लिखे ध्यान धरें और बहुत सामग्री के साथ उन देवी देवतों का पूजन करते हैं सुख संपत्ति पुत्र पुत्री स्त्री राज ऋद्धि सिद्ध इच्छान वाने ऐसी आशा करते हैं कहते हैं

हमारे रोग शोक दु ख जन्म मरण मर्ने सङ्कट मिटा दे ऐसी दुनिया कहती है। और भगवान ने इस प्रकार से कहा है । वे जगत के जीवों ? कार्य से शुभाशुभ करते हैं क्योंकि बिना रोटी खाये भरे पेट म अन्दर नहीं आता ऐसे ही बिना अ न्तर के त्यागे मुक्ति नहीं मिलती है अभय त्याग जैन सिद्धान्त म वर्णन है कि बिना दया दान ज्ञान त्याग वैराग्य के मुक्ति नहीं है। इसलिये आप लोग देवता कि आशा छोड़ दो और जो कुछ चाहते हो तो मत महात्मा का मेरा करो वंदना सतकार पुना स्तुति गुण गावो देवता ना दे सकता ना ले सकता है। मुक्ति मुनि महात्मा सब कुछ कर सकते हैं मुनियों को देवता भी नमस्कार करते हैं ॥२६७॥

धुर एक मुहूर्त अंतर माहि अनाज अपूर्ण आदि दशा ।
उपरत भपूर्ण देह मई दुतिया सुख भोग मऊ सरिसा ॥
जब आयु रहे षटमास तबे तृतीया दु ख शोक वियोग धसा ।
इसकारण भापन है त्रिदशा शुभ कर्म करी सुरलोक बसा ॥२६८

अर्थ —देवता को त्रिदश क्या ? कहते हैं ? क्या कारण है ? भगवान के वाक पहले जिस वक्त जीव देव गति मे आकर सिभा मे पैदा होता है तो एक अन्तर मुहूर्त तक अपर्याप्त होता है। और उसके बाद पूर्ण पर्याप्त हो जाता है। फिर उसके बाद पच पर्याप्ति सहित देवता का शरीर सपूर्ण हो जाता है उस जग जन सिभा के ऊपर बैठता है और अवधिज्ञान का उपयोग लगता है फिर पूर्वोक्त भवों का स्वरूप जाना और देखा तो वर्तमान काल की बात जानी आगमी काल की बात देखा इसलिये पहले एक अन्तर मुहूर्त के बाद

ो २ सोच विचार किया देखा जाणा और सपूण शरीर पाया सुख
ोग विलासों मे लगा यह (दुसरी दसा है) अब तीसरी दसा कहते
; जब आयुष छै मास की शेष रहती है। तब तीसरी दसा होती हैं
म वक्त आपने मन मे दुख वियोगादि से वल हीण होना ज्ञात होने
ागा तब पश्चाताप करने लगा हाय २ यह मेरा सुख छोडना पडेगा
॥ कारण से यह तीसरी दशा कही हैं। जो सुभ कर्म क्रिया करेगा
ह सुभ गति पावगा उत्तम देवलोकादि यह भगवान के वचन
॥३६८॥

॥ नव रस रचना-दुमला छन्द ॥

तन रूप प्रभा पट भूषण की भवनादि छवि सुसिंगार कहे ।
ल प्राक्रम वैक्रम को करुणा सुगम रस वीर स्वरूप लहे ॥
दु ख मोचन को सुख देवनको सुर दयाल भए करुणा सुगहे ।
ीसवत भए भयके करखे रण खेत विषय रस रुद्र रहे ॥३६६॥
सुख भोग विलास कुलाम विषय रत गीत रसे रस हास भवे ।
अपवित्र कुगध कुरूप रसे अमनोगम माहि गिलान ठवे ॥
लख काल लमा परके डरते भयवत भए रस भीत लवे ।
रस चित्र विनद विभूत लखे रस सत समो सरणे सुहवे ३७०

अथ —श्री जिनदेव ने दुनिया के बिच म नव रस बताये हैं,
ौर देवों मे भी नव रस हैं जो यहा पर निर्देश किया जाता है ध्यान
ो पट क्योंकि इनके पढने से विचार उत्पन्न होगें अब सबके नव रसों
ी रचना करते हैं ऐसे देवता का शरीर शरीर के रूप वर्ण की
सुन्दरता वस्त्र आभूषण अभरण की क्रांति भवन विमान आवास की

छवि चमक पड़ती इत्यादिक सु न्दरता को देखें तो उसमें सिंगार रस उत्पन्न होता है ॥१॥ बल प्राक्रम फोटना वैरय करना और युद्ध करना इत्यादिक कार्य करते में सहासिक हो उसको वीर रस कहते हैं ॥२॥ जब दयालु भाव आवे दु खी को दुखी देख उसका दुख दुर करने लगे सुख देने लगे उसको करुणा रस कहत है ॥३॥ जब देवता कोप क्रोध करते भयानक रूप धारे पिशाचवत व्हे जब संग्राम करे आयुद्ध करे शस्त्र चलावे तो उसको उस वक्त रुद्र रस कहते हैं ॥४॥ १४३ जब प्रसन्न होय और सुख भोग भोगें नाटक गीत वर्णना के राग रंग म मगन होवे भगवत की पूजा भक्ति म आनन्द मान होडसको हास्य रस कहते है ॥५॥ जब अपावन वस्तु दुर्गंध कुरूप कुवर्ण मादो आम मति देख तब मन से उसका दु ख माने तो उसे विभत्सरस कहते है ॥६॥ जब काल आया जाणे अथवा बलवंत डरावे भय देवे भयवंत होवे तो उसको भय रस कहते हैं ॥७॥ जब देवादि इन्द्र की शालादि विभूत देख विभो देखे तब अद्भुत रस द होता हैं ॥८॥ जब तीर्थंकर देव के समोसरण आया भगवत की वाणी सुने अर्थ ग्रहण करे और प्रश्न पूछे खुशी से तब उसको शान्ति रस कहते है ॥ ऐसे जो नव रसों को जाणे वह चतुर ॥२६६॥

दिस दक्षिण उत्तरलोक दुधा सुरवास दुधा तिह इन्द्र दुधा।
दुब्र आयु वड़ावल रिद्धि तथा क्रिम दक्षण ने उतरे निरधा॥
मध्यलोक तणे विच मेरु गिरि जग मध्य दिशा निहले वसुधा।
दिगपाल करी सुरराय सजे जिनको जिन वैन पियूष छुधा२७१

अर्थ —देवलोक के दो भे है एक तो उत्तरार्द्ध दुसरा दक्षिणार्ध

से ही देवओ के दो वासे हैं और दोना वासों में दो २ इन्द्र भी रहते एक २ जाति जुद २ भे हैं। दक्षिण दिशा वाले से उत्तर दिशा वाले ज्ञ विशेष हैं आयुप में शक्ति ऋद्धि मे भय करते नहीं कीसी का योंकि सारे लोक के मध्य भाग म सुमेरु पर्वत है उस मेरु पर्वत से दिशा गिणी पूर्वदिशा १, अग्निकोण २, दक्षिण दिशा ३, नैऋत्य ोण ४, पश्चिम दिशा ५, वायव्य कौण ६, उत्तर दिशा ७, ईशान ोण ८, यह आठों दिशा हैं पूर्व मे आधा पूर्व दिसा दक्षिण की तफ ार पश्चिमतक एक इन्द्रकावासा है आर आध पश्चिमसे लेकरउत्तर रा आवे पूर्व दिसा तक दूसरे इन्द्र का वास है जैसे एक रोटी ाधी २ कर लेवे तो ऐसे आधा लोक उत्तरार्ध आधा लोक दक्षिणार्ध से सुमेरु पर्वत भद्रशाल वन से शोभता है इसी प्रकार से ८ दिसा पाल आठ दिशापाल देव मन रूपी पवन पर निवास करते हैं और ःढिवत हैं उनके साथ सुमेरु स्वामि सुदर्शन देवराज शोभते हैं ऐसे नते२ देव के अमृत मइ वचन सुनो तिनकी सेवा करो तन मन ॥३७१॥

देश दक्षिण लोक पताल विषय चमरेन्द्र विराजत भौनपति।
तेनके सिर उपर ऊर्ध्वलोक सुशक्र सुरेन्द्र अनूप मति।
ऐम ही वल इन्द्र सु उत्तर म तिह ऊपर इन्द्र ईशान पती।
ऐम ही इनके उनके उपरे वर इन्द्र विमानपति सुगति ॥३७२

अर्थ —अब देवेन्द्रों के नाम लिखे जाते हैं दक्षिण दिशा के ताल मे चमर चचा रायधानी हैं वहा पर असुर कुमारो के इन्द्र ामरे इन्द्र के नाम से बोलते हैं सुधर्मि सभा में सिंहासन उप

विराजमान रहते हैं आपना सब परिवार सहित शोभा पाते हैं और इनसे भी ऊपर दश्लोक समदिस सुषमा दयलोक सुधर्मा विस्मद विमान की सुधर्मा सभा में सुरमा इन्द्र महाराज विराजमान रहते हैं स्वपरिवारयुक्त ऐसे ही इस प्रकार शिला के पाताल में बल धंचा ... धानी हैं वहा पर असुरकुमारा की बली इन्द्र नाम से बोलते हैं वह भी सुधर्मा सभा में सिंहासन ऊपर विराजमान हैं सब परिवार के साथ प्रसन्नता पूर्वक करते हैं और इनके भी ऊपर उपलोक समदिशा ईशान दयलोक ईशान सुसमा में विराजमान रहते हैं, ईशान इन्द्र बली इन्द्र के सिर ऊपर लोक में ईशान इन्द्र आपना हुकम चलाते हैं ऐसे ही ऊपर से समझ लेना चाहिए सर्व नाम से जो ? इन्द्र महाराज हैं ऐसा कथन जिन पुर्वा का है ॥३७२॥

एकइ समया सु ईशान मिले इक ठाम विषय हित रीत करै।
एकइ हित कारण युद्ध मचे बल आक्रम पौरस मैन भरै॥
थर जानत शक्र ईशान जबै तब सतकुमार को ध्यान धरै।
यह प्रान्त मारा जिह मीत दए बहुमान लए चित्त बर हरै ३७

अर्थ—किसी समय में शक्रेन्द्र ईशान इन्द्र दोनों मिल कर किसी एक ठिकाणे बैठ और आपने आपस में मित्र भार रखते और बहुत सपकारें वहीं पर कभी किसी कारण से परस्पर होने लगी और संग्राम होने लड़ने कि तैयार होगए संग्राम लड़ने लगे बल प्राक्रम लगने लगे शस्त्र चलाने लगे कठोर वचन सुनाने लगे पंच प्रकार की संग्रामी क्रीड़ा सजाने लगे परस्पर युद्ध करने लगे युद्ध करते ... सेना थक गए बहुत चुर २ शरीर होगये और दोनों ही कहते हैं देव

कि हमारे को कोन छुड़ावें फिर सन्तकुमार का ध्यान करने लगे के हमारे आके जुदे २ कर देव तब वह तीसरे देवलोक वाला देवता आवे और सेना को घमकाया फिर सेना जुदे २ भाग गये शर्म आके सन्तकुमार देव ने क्या तप किया इसने पूर्व न भ म बहुत लोगों को सुख दिया तब मन से सब जीवों ने आनन्द माना सुख पाया और इस जीवने वहा पर बहुत पुन्य उपार्जन किया हैं इस कारण इसका तप तेज मह्या नहीं जाता सब डरते हैं इसके सम्मुख ॥३७३॥

सुर उत्तर वैक्रय रूप धरी उत्तरे इत्तर इत आवत हैं ।
कारण किन कारण ते निज मूल शरीर लई फुन धावत हैं ॥
इकने गिए मरत्य अमरत्य लगै तन धारण शक्ति सुहावत हैं ॥
रचना सुर कल्प लगै धरणी उपरै नहिं लच्छि फुरावत हैं॥३७४

अर्थ —देवते आपन मुल शरीर से उत्तर वैक्रय करके रूप आपने स्थान से चलते है। और किसी दूसरे स्थान पर जावे या इहा पर आवे कभी किसी कारण से आने जावे तो मूल के शरीर से आवे कारण पड़े तो जैसे चमरेन्द्र सुधर्मा देवलोक मे गया वहा पर उपद्रव किया इतना मचाया उस समय शक्रेन्द्र ने देखा और वज्र उठाके चलाया वज्र आता चमरेन्द्र ने देख फिर भागा आगे चमरेन्द्र पीछे वज्र आते डरता हुआ श्री अरिहंत ज्ञात पुत्र वर्धमान जी के शरणे में चला गया और फिर इन्द्र ने पिछे विचार किया यह यहा पर कैसे आया हा ? हा ? हा ? भगवंत का शरणा लेकर आया हैं मेरा वज्र भगवन को आसातना देगा इस वास्ते में शीघ्र जाकर वज्र को पकडू ॥ फौरन पिछे चल दिया आया भगवत के पास आके वज्र पकड़ लिया वंदना

करके १२ आवरा क्षमा याचना करी इस कारण से मूल के शरीर ध
आया था ऐसे कारण से श्रोर भी जो देवता वैक्रय करें तो एक रूप से
अनेक प्रकार के रूप करे संख्याते असंख्यात रूप कर लेते हैं ऐसी
शक्ति कही है पर है १२ देवलोक तक और ऊपर के देव वैक्रय नहीं
करते हैं ॥३७४॥

तन भाग असंख्यम अंगुल को भव धारण आदि समस्त तणे
उतकृष्ट पद कर सात लगे बिच भेद असंख्य जिणद भणे ॥
सुर उत्तर वैक्रय कर लघु भिन्न संख्यम भाग जघन्य पणे ।
उतकिष्ट सुयोजन लाख लगे इस अन्तर भेद असंख्यतणे ३७

अर्थ—प्रथम भव धारण समय शरीर की औगहणा सर्व देव
देवतों की अंगुल के असंख्यात में भाग की होती (जब आके गर्भ ग
जन्म लेते हैं उस वक्त) फिर उसके बाद बढ़ती २ केइक की ७ हाथ
की हो जाती है। जघन्य तो अंगुल के असंख्यात में भाग की है औ
उत्कृष्टी सात हाथ प्रमाण की है। परन्तु भगवत ने तो अंतरे म
औगहणा के भेद जुदे २ करके संख्याते असंख्याते कह बता दिय
जिनन्द्र देव! आपने मूल शरीर से निकाल के उत्तर वैक्रय शरी
करे तो उसका प्रमाण यह है सूक्ष्म रूप में करे तो जघन्य अंगुल ।
असंख्यात में भाग का करे उत्कृष्टा करे तो लाख योजन का क
और इसके अन्तर में भेद बहुत असंख्याते हैं। केवल ज्ञानी जाण
हैं ॥३७५॥

षट मास रहे जब आयु तबे कुमलावत फूल की माला गले
सुर चीर मलीन लखे अपने बल हीन हुलास विनोद टले ॥

लखराल समय अति आरतही प्रिय मित्र वियोग दुखदाई ...
नाह। देवको जीवन होत तवै इम भाखत हैं मुनिराज सुदै ...

अर्थ —देवताओं कि आयुष छह मास शेष रहत हैं तब उनके गले में जो पुष्पा की माला होती तब वह कुमला जाती है और उनके वस्त्र मलीन अनेक वस्तु महेल विमान आन लगत है फिर उनकी पलटीए दसा फिर चिंता अधिक होती है असबाब छन जाता है और विपरीतता आगइ यह क्या होगया ? अवधिज्ञान में उपयोग लगाया तब जाना कि मेरा काल आया मैं किस गत में किस गत में उत्पन्न होवु गा ? इस प्रकार आरत के आर्त ध्यान में पड़ जाते हैं फिर स्त्री मित्र परिवार विमान भवन आदि को देख कर बड़ा दुखी होगया जिन देव न कहते हैं मुनिराजों को के इसका शरीर शोक चिन्ता परित्यागन कर देयो सत्य वचन कहो ! आर्त ध्यान न करो धर्म ध्यान मे मन लगाओ ॥२०६॥

लख काल धरे सुर आरत को हमारे ... भोग विलास टरै।
इतते चल गर्भ विपय पर कथुर वीर्य रक आहार करै ॥
बहुमास वसे तम घोर विपय दुःख सहा दुख गर्भ भरै।
जिसदेव जिनेश्वर होनत हैं इसमा कोई चिंता शोक धरै २०७

अर्थ —जब देवता को आनें का समय देखा तब चिंता हुइ बहुत अब क्या किया जाय ! अब मेरे आपन सुख का ... ध्यान आया और अतियत दुखी हुआ निसार। है हा ? मेरे ... समान काम भोग छूटेंगे यहा से मैं और गर्भ में जा पड़ूंगा सबसे पहिले पिता का वीर्य और माता का रक्त का आहार

यह तो महा अपवित्र वस्तु है हा ? हा पहुत दिना तक वस ...
लटकना पड़गा महान घोर अंधकार म महा गभ की दुर्गंध में देव
सोचकर महा दु खी होता है परन्तु भगवन्त ने ऐसा कहा है के ...
देवता उन पदो से चवकर नाथ पर देव होगा होव कर और चिन्ता
शोक संताप करता नहीं उसका चित्त सदा प्रसन्न रहता है जो ...
भोग म प्रसन्न है वह चिन्ता करते हैं ॥३७७॥

लहर जन्म भविष्यत् मानसरो यह थानें इस शुभम पूने।
हर्षे गु सुन्दर भाव धरें चित्तरे पुन धर्म करो गु फले॥
जल भू वन मे तिर्यंच विषय सुर भूरन आरत माहि रले।
निज रमें महा बलवन्त भए इम भारत है मुनिराज भले॥३...

अथ —नव देवता न औधिज्ञान मे उपयोग लगा कर दे...
आपना आगला भव जन्म तो उस वक्त कहा ? कहता है मैंने अप...
भव प्राप्त करने की बात जानी है कि मे मनुष्य योनि म आने दे...
से उत्तम कुल में दया धर्म वालें म निर्दोष जाति में कुल आदि
कलंकित है नहीं और कुल जाति हीन न हो फिर अपने मन मे ...
हर्षवत हुआ ऐसे स्थान पर जहा नव तप धर्म ध्यान पुण्य माल संय...
दि क्रिया करूंगा फिर स्वग या मुक्ति जाऊंगा और फिर म पृ...
पाणी वनस्पति वायु तेउ तिर्यंच मे नहीं जाऊंगा परन्तु जैसे ...
कर्म करता हैं फल पाता है वैसा ही शुभ कर्म महा बलवान हैं ...
को ४ चार गति में भ्रमण कराते हैं ऐसा भगवन्त ने कहा हैं ...
ज्ञानी मुनि ऐसा ही फरमाते है पाप से बचो ॥३७८॥

इक क्षेत्र मरारख आवत हैं जिह माहि भविष्यत जान लिया।
अपवित्र पदार्थं दूर करें शुभ पुग्गल सिंचत खेत्र किया ॥
ऋषि रूप धरि हित हेत कहू उपमात पिता भख नैन ठिया।
तुमरो सुत होवन योग ग्रहे तुमनो अटसावत मोहि हिया।३७६

अर्थ—एक २ देव अपने जन्म लेने वाले क्षेत्र को सोधने सवारणे के लिये आते हैं जहा पर में जाकर पैदा होगा हूं और सवारू अपन सुख के वास्ते अशुचि वस्तु को दूर करने के लिये और सुगंधीत शुभ पुद्गल अन्दर प्रवेश करन के लिये दयत आया करते हैं रूप परिवर्तन करके यहा आऊ गा मुझको सुख होवेगा ऐसा सोच कर सारा उपाय करते है और कोइ २ देवता धर्मा अभिलाषी मुक्ति के इच्छक काल अवसर जानकर आगला जन्म सुधारने के लिये देव साधु महात्मा का रूप भी धारण करके माता पिता के पास आया धर्म कथा सुनावे और उनको समझावे यह तुम्हारे ? पुत्र होवेगा परन्तु तुम मेरा कथन मानों तो पर वह साधु ऋषिया का धम लेवेगा तुम उसको रोकना मत ? आज्ञा देदेना बड़े महोत्सव के साथ दिक्षा होवे इस मेरी बात को तुम लोग मान लेवोगे तो तुम्हारी इच्छा सर्व प्रकार से पूर्ण होगी ऐसा कह आपने स्थान पर गया भृगु परोहित के जैसा यह जिनके वचन हैं ॥३७६॥

सुर काल करै तिया जीवत ही उपनै सुर होर सुभोग करै।
चव जात त्रिया विह होर भई मिल भोग करे चित्त शोरहरै ॥
विरहो उपजत जघन्य समो उत्कीष्ट पदे षट माम परै।
परिवार मिलाप नियोग इसे सुर सम्पलगै मुनि वाक खरै ३८०

अर्थ—एक देवता देवी का जोड़ा मिल जाता है किसी कारण से देवता की मृत्यु होगई हो और उसकी देवी पिछे है तो क्या वह सत् पालसक्ती है ? या दुसरे देवताओं को पति स्वीकार कर लेती हैं उत्तर, स्वर्ग लोक में विवाह सादीकी प्रथा नहीं है। वहां तो सिर्फ सुख भोगने की योनि है वहां पर सुहाग रंडेपा नहीं है जैसे इस देश से अन्य देश में जाकर व्यापार किया बहुत लाभ हुआ फिर अपने घर आकर आनंद मानते हैं। ऐसे ही मात्र लोक में धर्म किया और देव लोक में जाकर सुख भोगने है उनका कोई शारीरिक धर्म नहीं है खाना पिना भोग विलास करना विषयों में लीन रहेना यह ही उनका धर्म है और पुन्य पाप का प्रश्न नहीं है। उस देवी के लिये उसी स्थान पर और देवता पैदा होजाते हैं फिर उनके साथ वह भोग विषय करते हैं। मोह संबंध उनसे होजाता है अगर देवता से पूर्व देवी का मृत्यु होजावे तो उसके स्थान और देवी पैदा होजाती है वह देवी देवता किसी का सोगे नहीं करते हैं जैसे कोई मर जावे तो चिंता नहीं है देवी और देवता में अगर अंतर पड जावे तो सबस थोडा एक समय से कुछ अधिक अंतर पडे तो छे ६ मास का पडे उसके बाद जरूर २ देवी देवता पैदा होगें निश्चय ही होंगे स्त्री पति की तरह सर्व परिवार ऐसे ही संयम लेना पूर्व कथन हो चुका है ॥२८०॥

दुइ कल्प लगै जल भू वन मे थिति सत्य भई तिर्यंच नरै।
सुर अष्टम कल्प लगै नर औ तिर्यंच पचेन्द्रिय देह धरै ॥
उपरे नर योनि विषय उपजै न समूच्छ सूक्ष्म माहि परै।
जिनधर्म अराधिक धर्म लहै शिव स्वर्ग विषय निजरास करै२८१

अर्थ —भवणपति वाण व्यंतर ज्योतिषी और पहिले दूसरे देवलोक वाले देव गति से मरकर पृथ्वी पाणी वनास्पति में आकर उत्पन्न हो सकते हैं संख्याती स्थिति वाले तिर्यच मनुष्य में आवे भी आते हैं। और आठवें के ऊपर के ८ मे देवलोक तक के मर कर आवें तो वह सन्नी पचेंद्रिय तिर्यच मनुष्य मे पैदा हो सकते हैं। और एकेन्द्रायें असंनी तिर्यच मनुष्य म नहीं आते हैं। आठमें देवलोक से ऊपर के सारे देवलोक के देवता एक मनुष्य गति के बिना और कहीं नहीं जाकर उत्पन्न होते हैं और नहीं सूक्ष्म मे नहीं किसी प्रकार के आमोत्रम में पैदा होते हैं जो देव मनुष्य गति मे आवगे और जिन धर्म दया अहिंसा धर्म दान धर्म पुन्य धर्म इन सब को आराधेंगे पालेंगे फरसेंगे तन मन वचन से करगे वेंह मुक्ति वेंह स्वर्ग जावेंगे ऐसा यह जिनका कथन है ॥३८१॥

समदिष्ट आराधिक सयम के शुभ दया धृति सुर होइच्चुता।
नरलोक विषय भव माननरो बहुऋद्धि जहा धन धान्य मता॥
ग्रह खेत्र पशु नह दास सखा वपु सुन्दर भूषण चातुरता।
कुल ऊंच सुआयु अरोगपणा इहि पावत हैं मुनिनी कथिता ३८२

अर्थ —जो जीव किसी के अवगुण नहीं लेने वाला यह जीव सम्यक दृष्टि आराधक होवावें और वह जीव संयम साधु महाव्रत पाले (या) देशवृति श्रावक धर्म पाले, साधु तथा श्रावक धर्म को पाल कर जीव देव गति मे जाय और देवता के सुख भोगे आपकी आयु पुरे २ पुरी क्षय करे फिर देवलोक से काल करके इस मनुष्यलोक के ढाई द्वीप में आवे भर्त इरावर्त महा विदेह क्षेत्रादिक में

मनुष्य का जन्म पावें निर्मल जाति कुल में आर्य क्षेत्र १० बोलों की प्राप्ति हो रत्न हो सुखी भूमि वस्तु हो दक्षि भूमि बागादि हो चान सोनाहो पशु दासदासी हो मित्र होवे जाति शुद्ध होवे ऊच गोत्र होवे ऋद्धि धन धान्य होवे महल मदर होवे पशु हाथी घोड़ ऊट बैल गौ भैंसादिक बहुत होवे सुदर शरीर रूपवत बलवंत प्राक्रम चतुर होवे ७२ कला पुरुष की ६४ कला स्त्री की शिल्प कला का जाण कार होवे राजकुल उत्तमकुल मेठकुल इत्यादिक ऊच पद पावे। राज मंत्री सेनापति गाथापति आयु बड़ी निरोगता पावे ऐसे मुनि महात्मा कहते हैं जो धर्म करेगा यह जीव सुख पावेंगे ॥३८०॥

दस जात पताल सु भौनपति सत कोर बहत्तर लाख लिये।
सुर व्यंतर सौड़श जात दुधा तिरछे सु असंख्य पूरे हरिये॥
नभचद रवि ग्रह रिष उडु दस जात चराचर भेद लिखे।
वसु ऊर्ध्व द्वादस कल्प परे नवग्रैव जिये अहिमिंद सुखे॥३८१

अर्थ—अब सब देवतों कि संख्या यह है श्री भगवन ने अधो-लोक मे दस प्रकार क भुवन पति देवता हैं असुर कुमारादिका के भवन सात क्रोड़ बहत्तर लाख हैं देव। सोला प्रकार के वाण व्यन्तर देव हैं। जिनोंके दो भेद हैं आठ ८ प्रकार के पिशाचादि जाति के देव हैं आठ प्रकार के अन्न पक्षी आदि जाति के देवता हैं ८ उत्तम जाति देव उत्तर दिशा की तर्फ रहते हैं ८ ओच्छी जाति के दक्षिण दिशा की तर्फ रहते हैं और व्यंतर देवता तिर्छलोक में असंख्याते नगरा में रहते हैं। इस भूमि पर आकाश मे वासा हैं, दश प्रकार के ज्योतिषी देव रहते हैं। चद्रमा सूर्य ग्रह नक्षत्र तारे चाच चलते फिरते हैं और

पास नहीं चलते फिरते हैं एक ही जगह पर सदा रहते हैं स्थिर इन १० जाति देवता असंख्याते हैं और असंख्याते द्वीप समुद्रों के ऊपर हैं, और इन्हों से भी ऊंचे उर्ध्वलोक असंख्याते योजन ऊपर पहिला दूसरा देवलोक है उनों से ऊपर ३-४ देवलोक उन्हा से ऊपर ५-६ ऐसे ऊपर से ऊपर गिणते जाणा सर्व से ऊपर ५ अनुत्र विमान हैं यहा तक देवलोक हैं आगे नहीं है ॥३८३॥

॥ अथ श्री सिद्ध भगवान की स्तुति-दुमल छन्द ॥

सुरलोक सभी जिह हेठ रहैं शिर स्वच्छ अनूप प्रभा धरणी ।
तिनके कछु ऊपर सिद्ध प्रभु महिमा तिनकी जीन जी वरणी ॥
नहि जन्म जरा मृत्यु रोग छुधा भय सोग उपाधि किया करणी ।
परमेश्वर पूर्ण ब्रह्म सदा मुनिराज भए तिनकी सरणी ॥३८३॥

अथ —जो जितने प्रकार के देवता होते हैं वह सबके सब सिद्ध शिला से निचे हैं उन सब से ऊपर सिद्ध भगवान हैं क्योंकि ? सर्वार्थ सिद्ध विमान की ध्वजा से ऊरध उपरलोक साढे १२॥ लाहरा योजन से कुछ अधिक उसके ऊपर एक भूमि है । ईषी प्रभारा उसका नाम सदा श्वेत वर्ण है गो क्षीर से भी अति उज्जल निर्मल है पूर्ण मासी चन्द्रमा के आकार ४५ लाख योजन लम्बी चौड़ी मध्य भाग में ८ योजन की मोटी हैं और घटती २ आवे तो अन्त मे किनारे पर मखी के पंख जैसी पतली हैं जैसे उलटे छत्र के आकार हैं । और इसकी परधि १४२३०२४९ योजन से कुछ ज्यादा है इस भूमिका के ऊपर १ योजन के २४ में भाग ऊपर आकाश में सिद्ध भगवान विरा

जमात हैं यहा पर जो पूर्ण ब्रह्मज्ञानी हैं जिनों मे ऐसे ७ गुण हैं देखो कैसे २ गुण जरा नहीं मरन नही जन्म नहीं काल नहीं रोग नहीं सोग नहीं भूख नहीं भय नहीं प्यास नही उपाध नहीं क्रिया नहीं करणी नहीं परमेश्वर है ऐसे का शरणा मुनिराज ग्रहण करते हैं ॥३८४॥

सब जान रहे सब देख रहे दु ख सुख अखंड समाधि थई।
अविकार अर्चाहि अमूरत हैं नही गोत शुभाशुभ भाव लई॥
नहिं बधन आयु अनायु भए सब व्यापक राम मई।
वसु कर्म हणे गुण अष्ट दिपे भवसिंधु तरे लहि मोच गई ३८४

अर्थ —अब जीव सिद्ध पद प्राप्त करने के गुण प्रगट हो जाते हैं। जिसने ज्ञानावर्णी कर्म को नाश किया तो केवल ज्ञान के द्वारा सर्व लोक चराचर को जाणे ॥१॥ दर्शनावर्नी कर्म क्षय करे तो अनंत केवल दर्शन पावे जिसके द्वारा सब विश्व को देखें आवल कलवत् ॥२॥ वेदनी कर्म को नाश कर देवे तो वादा पिड़ा से रहित होवे फिर शारीरिक मानसिक वेदना न होवे ॥३॥ मोहनी कर्म क्षय करने से वीतराग देव पद पावें जिसमें राग द्वेष विषय कषाय आदि नही हैं ॥४॥ आयुष कर्म क्षय करके जीव अजर अमर पद प्राप्त करें कभी दुनिया में आकर जन्म नहीं लेना ॥५॥ नाम कर्म क्षय करे तो अमूर्ति हो ॥६॥ गौत्र कर्म क्षय करतो अगुरु अलघु गुण प्रगट होवे न हलका न भारी होवे ॥७॥ अंतराय कर्म क्षय करे तो अनंती शक्ति पैदा हो इसलिये जिसमे यह आठ होवे उसको सर्व व्यापक कह सके हैं क्योंकि जीव में और परमात्मा में अन्तर नहीं हैं जिन्होंने आठ कर्मो

को क्षय किया वह जीव ८ आठ गुण प्राप्त करते मुक्ति में विराजमान हो जाते हैं ५ गति गये ॥२८४॥

चित्त रूप चिदानन्द चेतन हैं अविकल्प निरंजन लोकपति ।
ध्रुव आदि अनंत अनादि वहै अविनाशी अखंड अनूप गति ॥
अशरीर अनिन्द्रिय प्राण नहि महिमा श्रुति वाक विषय वरती
प्रणमो परमेश्वर सिद्ध सदा चित्तमो वरती समता सुमति २८६

अर्थ —ईश्वर का रूप कोई नहीं है सत चित् आनन्द मय हैं। चेतन हैं जड़ नहीं हैं संकल्प विकल्प से रहित हैं कर्मों के मैल से रहित हैं। निरंजन निराकार हैं सर्वलोक के पत हैं निश्चल हैं पर्वत की तरह सत से आदि हैं परंतु आदि भी पाइ नहीं जाती ऐसे अनादि के भी अनादि अनंते जीव हैं तथा उन्हा का अनंत नहीं आवगा ऐसे अनंत हैं विनाश नहीं अविनाशी हैं खंडत नहीं अखंडत हैं। गति ऐसी पाइ है जिस पर कोइ भी उदाहरण प्रमाण ओपमा कोइ भी नहीं मिलती हैं अनुपमा है और निर्हां ५ शरीर में से कोई शरीर नहीं ५ इन्द्रीयों मे से कोई भी नहीं इन्द्री दश प्राणा में से कोई भी प्राण नहीं तीन योगों में से कोइ भी योग नहीं महिमा गुण किर्ति जो वह सिद्धातागम में गाइ है। इस वास्ते परमात्मा भगवत ईश्वर को वार वार नमस्कार करो उन्हों कि सेवा भक्ति से हमारे चित्त में समाधि भावना वढती रहेगी और वुद्धि भी वढगी ॥२८६॥

जगदीश्वर लोक अधार प्रभु जग मस्तक उत्तम उच्च वसैं ।
सर्व शिरोमणि लोक शिखा जिम मंदिर उपर कलु लसैं ॥
सर्वज्ञ लखै निरखे तिनको छद्मस्त सुध्यातन शान्ति रमैं ।
प्रणमो परमातम ज्योति मइ जिनके सिमर अघपुञ्ज नसैं॥२८७

अर्थ —जगत् के ईश्वर हैं जगत् के प्रभु आधार हैं जगत् के मस्तक के समान हैं जगत् में उत्तम हैं जगत् में सर्व के सबसे ऊँचे स्थान पर हैं। सारे लोक के मस्तक पर जिस प्रकार से मुकुट शोशुभिता हैं जैसे मैयूर के कलंगी शोभती हैं मस्तक पर जैसे भवन ऊँचे २ विमान घरों पर मंदिर पर ध्वजा सोभती हैं ऐसे ही सब जगत् के शिर पर सोभा पाते हैं सिद्ध परमात्मा वह सर्वज्ञ हैं। केवल ज्ञानी केवल दर्शी हैं सब देखे सब जाणे और जो इस मन जाग्र हैं वह मनें शांति रसमय होकर उत्तम ध्यान धरते हैं और प्रभु से प्राथना करते हैं ऐसे परमात्मा परमेश्वर ज्योतिमय भगवान को वंदना नमस्कार करो स्मरण करो स्मरण करन से पापों के जो समूह हैं वह मनें पाप क्षय होत हैं। यह गुरुदेवा के फर्माण है ॥३८७॥

॥ कमल बंध दुमल-छन्द युगम ॥

अनूप अरूजं अमित अतुल अखलक यश अरधंत पद ।
अज अव्यय थिर अनक पतिकै अछिद अनयं अभय सुखद ।
अलख अक्षुज तु चराचर लष अनूपम सरमणं जयद ।
प्रणमो अमर भजते अधिक प्रभु सिद्ध पय सब मगलद ॥३८८
परमेश्वर हो परमात्म हो, परमोतम हो परमोचक हो ।
परमा महिमा परमागम मे प्रवीन हृदय परतीत हो ॥
परवर्जित हो शिव सासत हो अजरामर हो तम सर्वेग हो ।
सुरनाग सुमानव भव्य नमै प्रणमो शिवदेव सुशांति लहो ३८९

अर्थ —परमात्मा पाप से वर्जित हैं कर्म रूपी रज से रहित हैं शत्रु मित्रजनों से रहित हैं उनके समान दूसरा नहीं है कोइ उनके कोई

कलंक नहीं हैं महा यशो कीर्ति वाले हैं महा ऊंचपद वाले हैं निन्दा का पद कभी धरता ही नहीं, जन्म कभी कहींपर नहीं लेना कभी भी इनकी पराय भी नहीं रखती है अन्य रहेंगे व्यसे रहित मना स्थिर रहेंगे रशाचित चलेंगे नहीं और कभा कपायेमान नहीं होंगे अकंपित रहेंगे भगवत अद्रव्य किसी के छंदे म नहीं यानी हुक्म म नहीं है किसी के स्व इच्छा से रहते हैं। और उनों को कोइ विनय करने वाला नहीं अनय है। भय से रहित है अभय हैं इच्छा के सुख की हमारे पास कोइ हेतु नहीं हैं अलक्ष भगवंत को कोइ देख नहीं सका है जैसे अनेक जीव चराचर योणि में हैं हम लोक उनको देख लेते हैं ऐसे भगवत नहीं दिखते हैं क्योंके भगवान अरूपी हैं इस वास्ते नहीं दिखते हैं और जो मुक्ति स्थान है वह तो अणोपमा हैं जिसकी कोई उपमा नहीं मिलती हैं वह बहुत रमनीक है उसको और कोइ पराजय नहीं कर सकता हैं इस मुक्ति का शरणा ग्रहण करे जो जीव कर्म शत्रुओं पर अधिकार करते हैं और इनको जिते तो वह जीव मुक्ति मे जावेंगे। ऐसा सिद्ध भगवान ईश्वर को वंदना पूजा करे जोकि जन्म मरण से रहित हैं। जो अमर है सर्व विषयों से रहित हैं गुणों के भंडार हैं और उनके गुण गाने मे सदा मंगल हैं जय २ कार हैं देने वाले हैं ॥२८८॥ हे भगवान् ? परमेश्वर हो परमात्मा हो ज्ञान दर्शन से परमोत्तम हो परम ऊंचे पद के धरता हो परम उच कोटी आपकी महिमा हैं आपका सिद्धान्त परम आगम्य है जिसको पुन्यात्मा जीव के हृदय में वाणी आपकी ऐसी रूचती जैसे भुख को भोजन और चतुर वाणी को ग्रहण करते हैं विश्वास निश्चय से आप शत्रु पक्ष से

रहित हैं सास्वते शिव हो उपद्र से रहित हो जरा बुढापे से रहित हो मरणे जंमने से दुर हो त्रिकाल ज्ञाना हो त्रिकाल दर्शी हो सुर देवलोक में रहने वाले नाग कुमार अधोलोक वाले मनुष्य मानलोक में रहने हैं जो और अनेक भव्य जीव साधु साध्वि श्रावक श्राविका सम्यक द्रष्ट जन भी आपको नमस्कार करते हैं हे भगवान आप शिव हैं आपके नाम से शांति प्राप्ति है नमस्कार करने से पापों का नाश होता है ॥३८६॥

॥ अथ सर्व मुक्ताचर छप्पय छन्द ॥

परम परम पद रमण करम रज वरज अमल रात ।
अज अमर अज अटल करण मन तन वच वरजत ।
अचल अलप वर अनघ अलख जग अगल छक ? मन ।
धरन अमर नर मरण समन गण गणधर वरनन ।
जग धरण समण सत घट सदन अघगण हर भर जल तरण
तस सरण परण सत भपटरण जयजय परम अमय करण ३६०

अर्थ—ईश्वर भगवान परसे परम हैं इनसे परे दुसरा कोई नहीं है और उन्हों से परे कोई भी पदवी नहीं है सारे जगत में देखलो ईश्वर परमात्मा ऐसे मुक्ति पद परे है उसमें रमण रहे हैं और कर्म रूपी रज से रहित हैं विषय कषाय रूपी मल से रहित हैं । महा श्रेष्ठ हैं जरा से रहित अजर हैं मरण से रहित अमर हैं जन्म ने से दूर हैं भय से रहित अटल हैं इन्द्रियां मन वचन काया रहित हैं निरूप हैं चलते नहीं अचल हैं नाशनी होते अजय हैं वर परधान श्रेष्ठ हैं । अघ पाप रहित अनघ हैं जिनों की यशो कीर्ति देखी नहीं जाती

गलित यश है आपके आगम शास्त्र कथने का गुण देवते भी गा नहीं सकते मनुष्य विचार किस ? गिणती में है। और कहत २ थक जाते हैं। आपका वाणी का कथन करने से देवता मनुष्य असुरगण साधु गण अशरणगण गणधर गण मुनि शिरोमणि गण ऐसे गणधरों ने कीर्तन किया जो तिन्हों का ध्यान धारके साधु महात्मा हृदय रूप धरके स्तव महिमा करे तो वह संसार समुद्र से तर जाते हैं जो ऐसे ईश्वर परमात्मा के शरण आ पड़ेगा वह सर्व भयों से दूर होगा वो ऐसा भगवान की सदा जये २ पार हो परम अभय मोक्ष गति में जो जाये वो २ भगवान के गुण गाते हैं गए आपने दूर्गों का नाश करते हैं ॥३६०॥

॥ कमल बंध सर्व लघुवर्णी सवैया बत्तीसा छंद ॥

सुमन सुपतिवर सुमति अमित धरसुधर सुकृत वरशुचि मननचतन
सुकवि निवधि विधि सुनमनरण रतिसुनिरच पदवर सुजसघनगन
परम हरप उर विरम हगवर वदन हरप धर परम भगत मन
शिरशिरथिर निधिसकल जगतपति जयजयजयकर शरणपरतजन

अर्थ —सुमन नाम के देवतों के स्वामी इन्द्र महाराज और असमान श्रेष्ट मति धारण हार हैं महा चतुर सर्व काम करने वाले हैं जिन्हों के पवित्र हैं मन वच काया और उत्तम महा कवि हैं अनेक तरह की कविता करण योग हैं भगवान की जो यश कीर्ति करता है वह वही पर उनकी प्रतीत वाला होता है अच्छे आदमी सुन्दर छन्द पद रच कर सुजस कर समूह में उत्कृष्ट प्रमोद हृदय में धारके महा प्रफुल्लत नेत्र प्रधान प्रमप्रमुदित आनन्दीत होते हैं मन

करते हैं। और परम भक्ति करते हैं यश गान रटते हैं फिर ज
रहित होते हैं मुक्ति के मुख्य के निवास बनते हैं और मनलोक
नायक होते है, जय हो २ जयकार सेवक तुमारे शरण म
हैं ॥३६१॥

॥ यमकालङ्कार सवैय नत्तीसा छद ॥

अमर अमरपति चतुर चतुरविध वरण वरणजम रुचर रुच
रचत रचतथुति थवत थवतचित अगम प्रभु अलख अलख
जसजस ससियर धवलधवलकर परमपरमद्युति शिवशिवगि
हरपहरपचित भगतभगतकर नमनभित लहिलहि द्रुव रिद्ध ॥

अर्थ —देव देवेन्द्र के इन्द्र महाचतुर चार प्रकार के श्रद्ध
मज के सुन्दर २ मिल के भगवान की स्तुति बचके होंते हैं अनत
चित भगवन प्रभु अगम है अगम है अलख है अलख शक्ति प
परम प्रकाश है कल्याण है मुक्ति सुख की खान है ऐसे भगवान
हृप २ चित करी भक्ति भक्ति करते सेवक नमस्कार बारम्बार क
लेते हैं रिद्धी तथा बुद्धि ॥३६२॥

॥ सर्वगुरू वर्ण सवैय एकतीसा छन्द ॥

वैमानी देवा देवेंदा तारा स्वामी तारा धृग
तिर्य लोक है जे देवा जेपताले भव्वा
सर्वेमाने वद पूजे तन्ते लोका धीश सिद्ध
अगोपगो छाहे नित्य आठी भाते मत्र
यारी ध्यावे शास्त्र वेता श्री सिद्ध ते वंदे शाखा
कल्पोचारी स्व्यापार यारी सोमा भारी

तं स्वामी को ररो नित्य या सेवे विश्रामो चित
पाव मेवा माता चित प्रमी श्रामा राखो है ॥३६३॥
मोदे कवी महानंदी ज्ञानी साधु ध्यावे थारो
संत सामें वासा पावे पोपे चित सुख्या ते।
थाको प्यारे वंद पूजे करि रीते शोभा गावे
जीव रूट पापां कूटे छूटे सारे दुखाते॥
दविंदी चक्रक्री सच्छी इंदव पुजत मित
रिद्ध सिद्ध बुद्ध किती पावे माच्या चाहीते।
त बद चे लोया धीश मवी किती विसानद
सम्यग्दृष्टी मेहा माया सञ्जा पाया चाहीते ॥३६४॥

अर्थ —उर्ध्वलोक के रहने वाले विमानी वासी देवते तथा देवतों के इन्द्र मिड्लोक म रहने वाले देवतथा देवतों के इन्द्र चन्द्रमा सूर्य ग्रह नक्षत्र तारागण आकाश में वाली निचे मिड्लोक में रहने वाले वाण व्यंतर देवते रहते हैं और पाताल लोक में रहने वाले भवनपति देवता तथा देवों के इन्द्र वहाँ में अनेक भव्य जीव हैं यह सर्व देवते श्री सिद्ध प्रभु भगवान को नमस्कार करके स्तुति करते हैं महा खुशी के साथ अङ्गोपाग को नमाकर विधि के साथ तन मन से सेवा करते हैं और यशो कीर्ति गुण गायन करते हैं। शास्त्रों के आणकार प्रवचन दया माता को दिया ने वाले सिद्धांत वेदों की महिमा करने वाले महा कविश्वर छन्द काव्यों के कथन करने वाले काव्य रचके अपार महा भगवंत के गुण गायन करते हैं आपने ईश्वर भगवान की नित्य सेवा शरणा लेते चित से ध्याने वंदे पूजे स्तुति पावे माता

पावे ॥३६३॥ जो जीव मुक्ति गमन का इच्छुक है। यह अज्ञानदगत हैं ज्ञानवंत हैं ऐसे मुनि ऋषि श्री सिद्ध परमात्मा का ध्यान करते हैं। और उसी पद को प्राप्त करते हैं। सदा ही पद पर विराजमान रहते है और आपने जीवात्मा को पोषण करते हैं उन्हों का चित्त समाधि रूपी साता में रक्त हैं आनन्द मय हैं ऐसे २ जीव पहल भव में वंदना पूजा स्तुति विधि पूर्वक करी हैं साथ कीर्ति गुण ग्राम गायन सेवा भक्ति से पूर्व कृत पापमय कर्मों के अंकुर जल मूल से उखाड़े फिर जन्म मरण रोग शोकादि दुखों से छूट कर देव ऋद्धि चक्रवर्ती ऋद्धि मिली इन्द्रत्वपना पूज्यपना गुरु पदवी मिली मिश्रहर समानिक पना अनेक तरह की ऋद्धि मिली हैं सम्यक दृष्टी दन शुद्ध उत्तम मुक्ति ४ प्रकार की सब सुख पावे ॥३६४॥

॥ दंतोष्ट अस्पर्श मत्त गयन्द-छन्द ॥

या जग-ठाकर के ठहरे हिय चाहि गई हटक अघ केरी।
आठ डरे अरु आठ जगे ढिग आर्ज नाथ की रीझ घणेरी।
जाय रही भठ के अघठाग इटाय कि आरति नाथ हि हेरी।
जागरही घट ठाहर ठौरकी औजय ठाकर के ढिग चेरी ३६५।

अर्थ—जो जीव मुक्ति में जाने वाला होता है उसके दिल में आती हैं कि मैं कर्मों का नाश करू ऐसे ही जो जगत् के स्वामी ठाकुर थे उनके चित्त में आइ और हृदय में ठहर गइ, घर कर गई और उसके मन की तरंगें ऐसे उठी की जैसे अग्नि विनाश पानी करे फिर उस चित्त की इच्छा थी अधिक इच्छा थी वह पाप की चाहना दूर होगई तब उसके ८ कर्म भयभीत होकर भाग जाते हैं और ८ गुण

सम्यक्त दृष्टि के प्रगट होने लगते विशेष करके। आगे और प्रकाश होने लगा अग्नि कारन तप संयम करके उसकी रीभ बढ़ात होई तब ज्ञान करके पहिचान भले बुरे की होई फिर पाप रूपी ठग आने उनको पराजय किया फिर मिथ्यात्व रूपी काठ की ढेरी को हटाया दूर फेंक दिया तब अंतःकरण में समदृष्टि जागी फिर ठिक शुभ शुद्ध भूमि हुई फिर वह और जगत के नाथ की मुक्ति चेरी है आपके सदा पास रहती है पुण्यवानों के॥२६४॥

॥-रसना-बंध अलंकार-मत्तगयंद-छन्द ॥

मेह शिषा रत केकि पपाइ का प्रेम हिये कवि वाक कहे हैं।
कोकि हिये अहि माहि वृष पिक माह कहू हिय प्रेम गहे हैं॥
कामकि काम हिय२ राम कु आग गहा खग देखा अहे हैं।
काहि कुंजोह महाविष माउ सुदोपटु की महिमा कि पहे है २६६

अर्थ:—मेघ में प्रेम होता किसका है वन का मोर का चातक का जैसे कविश्वर के वचन हैं। चकवे चकवी के हृदय में प्रेम होता है कोकिला वसंत ऋतु मे प्रीत रखती हैं। कामदेव की स्त्री को प्रेम कामदेव में ही होता है। चकोर पक्षी चन्द्रमा को देख के प्रेम करता है बालक का प्रेम माता में होता है ऐसे ही भगवान से प्रीत करो प्रेम करो धर्म से गुरु देवों से आगम से सत्य संग से जिनवाणी से जो अहिंसा धर्म प्रेम करोगे सुख पाओगे और पाप से ऐसे डरो जैसे अग्नि से सर्प डरते हैं मनुष्य तिर्यंच भी सत्य वचन हैं ॥२६६॥

एक स्थानी कण्ठ वर्ण दोहा।

गाहा गाहा गुही गहा अह आ अ इह अगाह।
अह अघहा अहका कहा, इह कहै खग गाह ॥२६७॥

अर्थ —एक का नाम गाथा है और एक का नाम अगाथा है अनेक जाति के छन्द करे तथा गद्य पाठ भी करे ऐसे पंडित जन ? कहते हैं यहा आत्मा अकथ है आगाध है अरू है यह आत्म के अघ (पाप) नाश करने वाला है दुखों का नाश करने वाला है। ऐसे कहने वाले पंडी इस आकाश को ग्रहण करे ॥३९७॥

सेहरा बन्ध द्रुति विलबत छन्द ।

परम ज्योति अनादि अनन्तजी परम नाण सुदसणवंतजी ।
परम शक्ति अनूप रिद्धनी परमशांति नमोप्रभु सिद्धजी ३९८

अर्थ —हे भगवत आप परम ज्योति स्वरूप हो अनादि हो आपकी आदि नहीं पाता कोइ भी आप अनन्त हो आपकी संख्या गिनती नहीं है आप अरूपी हैं आपका अन्त नहीं आता आप परम ज्ञानवत हो दर्शनवंत हो केवल ज्ञान दर्शन से आप संयुक्त हो आप परम शक्तिवंत हो आप ज्ञानदर्शनादि ऋद्धिवत हो आप परम शांति मुद्रा हो हे प्रभु आपको वार २ नमस्कार होवे ॥३९८॥

अथ श्री जिनेन्द्र देव स्तुति द्वादस स्वर अनुक्रम कथन दोहा ।

सार्व साधु सिर सीसमणि सुखद सुरगण सेव ।
सैना सोमत सोर्य दिय मत नमत स देव ॥३९९॥
कार्म काल किल कौन खय कुगति कूट के अन्त ।
क्रै सु कोट को मोख दे कंव रूप क सन्त ॥४००॥
इहि विध रचणा लोक की कही जिनेश्वर देव ।
प्रगट करे सब द्रव्य जग सो जिन जी को सेव ॥४०१॥

जिनके नाम सुगोत्र सुन उत्तम फल जिय पाय।
दरसण वदन कथा सुन ता फल कह्या न जाय ॥४०२॥

अर्थ —जो जीव भगवान् के दर्शन करने से वंदना से कथा सुनाने से बड़े ही पाप कर्मों का नाश होता जो भगवान् की स्तुति करते हैं वह उत्तम कुल म उत्तम जाति मे पैदा होते हैं इसका महा फल है और सर्व मुनिराजों के शिरोमणी होते है जैसे सप के सिर मणि है। उसी प्रकार मुनिजन के जप तप शील संयम ज्ञान ध्यान क्रिया कम शुद्ध शुभ करने वाले हैं वह मणी उनके मस्तक पर सोभु भित है इसलिये सर्व साधुओं क गुण गान सेवा करना ॥३६६-४०० ४०१-४०२॥

सबही दिस भौन विमान पुरे गिर कुड बने छवि छाजत हैं।
वर उरध मध्य पताल विषय जिहा भवनपति विराजत है॥
सुर वंदन पूजन सेवन ही नृत गीत वजत्र सु साजत हैं।
प्रणमो तिहुंलाल निरजन को महिमा पर आगम वाचत हैं॥४०३

अर्थ —भगवान ने कहा है कि सब दिशा मे मेरू पवत के चारों तर्फ देव हैं कहीं तो भवनों में विमानों में कहीं वाण व्यतर के नगरों मे कहीं पर्वतों में पवतों के ऊपर वनों में सुन्दर कूटों पर देवते अपनी सुन्दर छवि के साथ विराजमान रहते हैं और जिनों की शोभ ऊंचे लोक में मध्य तिर्छ लोक में निचे पताल लोक म होती हैं सर्व देवों की शोभा वह प्रधान हैं क्योंकि भगवान को देव वदना करने में सेवा भक्ति स्तुति करने मे चतुर है। और नाटक मे गीत गायन मे वजंत्र बजाने मे अति प्रसन्न होते हैं ऐसे त्रिलोकी के नाथ को बारम्बार

नमस्कार करते हैं। जोके तीन काल के ज्ञाता आगम निरंजन देव हैं उन्हीं की महिमा परम आगम्य सिद्धांत में गाई है। हम उन्हीं को बारम्बार करते हैं नमस्कार ॥४०३॥

समदृष्टि विशुद्ध सुबुद्ध बधै चित शांति मनेगुण वृन्द जगै।
परताप बधै महिमा पसारे रिपु भाग चले डर पाय लगै॥
निरजा बहु कर्म पुरातन की नव बंधत पुण्य सुमोष मगै।
जिन बंदन पूजन सेवनते फल होत मृषा मति नाहि ठगै॥४०४

अर्थ—जो भगवान की वंदना करते हैं पूजा भक्ति सेवा करते हैं उन्हीं का क्या फल है? उत्तर-उनका की अन्तःकरण से समकित निर्मल होती है और बुद्धि अधिक बढती है। चित में शीतलता पैदा होती है गुणों के समूह जागता है और जगत में परताप बहुता है और उसका देश विदेश में यशोकीर्ति फैलती है और शत्रु भी भय भीत होकर भाग जावें। कैर पगों में पड़ जावे और बहुत कर्मों की निर्जरा होती है पूर्वकृत दुष्कर्म भी क्षय होते हैं। नवीन कर्मों का संचय नहीं करता मुक्ति स्वर्ग मार्ग का द्वार खुल जाता। जो जिनेन्द्र देव की भक्ति करता है उस मन से उसकोई भी ठग नहीं सकता है, अगर कोई मिथ्यामति ठगना चाहे तो वह किसी के भी ठगाइ में नहीं आसक्ता परन्तु अन्य को भी सद् मार्ग पर लाता है॥४०४।

तन रोग हरै मन सोग हरै नव चूर हरै दुर कर्म हरै।
शिव धाम करै दिव भोग करै नरलोक विषय पद उच्च वरै॥
जग उत्तमता परिलोक तथा सुख संपति रान महत करै।
जिन भक्ति भली नरनारि सुनो भवसागर पार उतार धरै॥४०५

अर्थ—जो भगवान् की भक्ति स्तुति करता है उनके [illegible] रोग नहीं शोक नहीं [illegible] नहीं मन के [illegible] दूर [illegible] भूल को दूर करें अशुभ कर्म [illegible] और देवलोक की सम्पत्त सहस्र [illegible] वैसी समवशरण प्राप्त करें [illegible] सम्मान पावे सुख सम्पति [illegible] जिनेन्द्र देव की भक्ति ऐसी है [illegible] पहुंचावे भगवत पूजा स्तुति तीन प्रकार से [illegible] काया से मन को किसी कि [illegible] मन की भक्ति है। वचन से किसी को [illegible] वचन भक्ति है। काया से किसी को [illegible] काया भक्ति है योग विभक्ति कहा॥१०५॥

गुण मूल इगीस मरा [illegible] मावने।
समदृष्टि सुनत समायिक पोसा [illegible] दिनै रैन तरो॥
न वर जु आरम्भ कराय नहीं [illegible] सु मनै।
मुनिवेश स्वछंद [illegible] दर्शन रत्नत्रगुणे॥१०६॥

अर्थ—श्री भगवान की पूजा [illegible] इस प्रकार से श्रावक जन सेवा करने वाले होवें और [illegible] मित्र साथ सनाय जावें तो [illegible] ११ पडिमा [illegible] रूप सरधी साथ में परिवार है [illegible] सामायिक ३ पोषध दिन में ब्रह्मचर्य व्रत ४ दिन [illegible] ६ सचित्त का त्याग आरम्भ का त्याग ७ आरम्भ [illegible] जो पडिमा

लिये किया जावें वह लेवे नही ६ साधु वृतिवन्त सुखीवृ ी पाले १० श्रौर आपने ? कुल मे गौचरी करे ११ ऐसे मती सहेलिया के साथ लेकर भगवान की भक्त करे नगरकारादि स्तवन पढ़ें तन मन से भगवान का ध्यान किया करे ज्ञान म रमे ॥४०६॥

इम चेतन मित्र सखी युत होइ करॅ प्रभु भक्ति नमादि धुने।
तिहरो प्रभु द्वादस कल्प विषय सुर सपति दत पढोच तने ॥
गुण मूल सरा मग वीरा जहा सजनी दस दोय सरूप घने ।
मिलसेन करॅ तिह कल्प अरूप दिए शिरश इम ग्रथ भने ।४०७

अथ — इस भांति से चेतन राय आपने परिवार को साथ लेकर अपने ईश्वर परमात्म की भक्ति कर जसे काइ महाराजा की सेवा करे और सेवक करते है अगर सेवक पर कृपा की दृष्टि करॅ तो महा ऊ चा पद ददेते हैं श्री वर्द्धमान स्वामी जी ने श्रेणिक राजा को ऊ चा पद ददिया है इसी प्रकार से श्रावक सेवकों को १२ देव लोक तक पहुचा दिये जैसे महावीर स्वामी के माता पिता सिद्धार्थ राजा त्रिशला देवी माता ऐसे स्थान पर पहुचा दिये माता पिता और वहा पर महाऋद्धि भोगते है । उन्होंने भगवान की भक्ति अधिक की हैं इस वास्ते ऊचे गये ज्ञान में ध्यान मे तप जप म सत्य शील संतोष मे शास्त्र पढ़ने पढाने मे भगवान की भक्ति करने मे जो लगता है वह ऊच पद पाता हैं ॥४०७॥

वहु भात सुशुद्ध गहो चतुरो वहुभात सिद्धान्त लखो अमलो ।
तज चार कषाय गहो सरखे चतु धर्म चहु विध धार भलो ।।
चहु सघ विषय जस पाय लहो जिन पाद भजो अघपु ज दलो ।
शिरसाधन साध समाध गहो गतिचार मई भवछेद चलो ।४०८

अथ,—श्री जिनदेव ने कहा हैं। हे भव्यो ? जीवो तुम्हारे पास चार प्रकार का धन बहुत है। सोच के विचार के देखो प्रथम- मति ज्ञान के द्वारा आपके ४ बुद्धि हैं उत्पात बुद्धी १ विनयबुद्धी २ कमिया बुद्धी ३ प्रणामिया बुद्धि ४ ऐसी चार बुद्धी से काम लो आपणें हृदय में ग्रहण करो और प्रकार का सिद्धांत शास्त्र हैं एकतो चितान याद दुसरा विवादवाद तीसरा सुक्ष्मद्वार चोथा यथातथा भाव ऐसे चार प्रकार के सिद्धान्त को जानो पढो सुनो विचारो अमल में लो और चार प्रकार का मोटे पाप को छोड़ो क्रोधमान माय लोभ को यह ४ कषाय मोटा पाप हैं और जैन सिद्धान्त के ४ नाम हैं। (अङ्गवेद ११) (उपांगवेद १२) (मूलवेद ४) (छेद वेद ४) चार सरणे हैं अरिहंतों का सिद्धों का साधुओं का केवली परूपे धर्म का जो यह चार प्रकार के सरणे ग्रहण करते हैं यह जीव मोक्ष में जाते हैं सदा और चार हमें संसार से तारते हैं—ज्ञान शील तप भावना यह हमारा पवित्र धर्म है और भी पवित्र उत्तम धर्म हैं चार २ प्रकारे कहा हैं अभय दान सुपात्रदान पात्रदान लज्जा दान करुणादान ४ यह दान-ज्ञान दर्शन चारित्र तप यह धर्म का शरणा लेनेवाले चार संघ हैं जिनके नाम साधु साध्वि श्रावक श्राविका यह चार संघ के नाम हैं दुतिया नाम ब्राह्मण (१) क्षत्री (२) वैश्य (३) सुद्र (४) चार गति हैं नर्क तिर्यंच मनुष्य देवता। जो जीव ऐसे कामों में लागेंगे उनको तुमारा उद्धार होगा अगर धरम न करोगे तो यह संसार के दुःख का जाल कटना कठिन होजायेगा जन्मान्तरों से दुःख भोगने पड़ेंगे "अभय दान" सुयगडाग सूत्रमें फरमाया हैं कि "दाणाण सेट्ठं अभयप्पयाणं" अर्थ-सब दानों में अभय दान ही श्रेष्ठ है ॥४०८॥

सब सागर माहि बड़ो चरमो, गिर ऊन परो नर मेरू गिरि।
सब देव विमान विषय सरार्थ सिद्ध अनुत्तर ऋद्धि भरी॥
सुर राज महा बल अच्युत की लव सत्तमगा सुर आयु करी।
जिन शासनतुल्य नशासन हैं जिनदेव समान न धर्मधरी ४०६

अर्थ –सब असंख्यात द्वीप समुन्द्र हैं चुड़ी के आकार वाले एक से एक परे हैं द्वीप समुद्र सर्व से अंत का स्वयंभूरमण समुद्र नाम का समुद्र सर्व से बड़ा है उससे और कोई बड़ा नहीं है परन्तु सबसे ऊंचा है वह पर्वत इसी जम्बूद्वीप के मध्य में सुमेरू पर्वत लाख एक योजन ऊंचा है यह भी ऊंचा है सब पर्वतों में कहा है। और सर्व विमानों में सर्व से बड़ा सर्वार्थ सिद्ध अनुत्तर विमान है सर्व गुणों से भरपूर है इससे बड़ा और कोई नहीं है और कहा है। चौसठ इन्द्रों में से सर्व से प्रधान है एक अच्युत इन्द्र हैं इससे और इन्द्र बड़ा नहीं और जितने देव हैं सब उत्तम देवायु में सप्त लव वाले देव सर्वार्थ सिद्ध में उत्कृष्ट आयु वाले हैं बड़े और सर्वार्थ सिद्ध विमान में विराजमान हैं और विश्व में अनेक प्रकार के शासन हैं परन्तु प्रधान उत्तम निर्मल उज्जवल वर्द्धमान शासन और शासन नहीं हैं जगत् नाना प्रकार के प्रचलित हैं परन्तु जिनेश्वर देव के अहिंसा धर्म के समान अन्य धर्म नहीं हैं ॥४०६॥

नहीं कल्प समान तरोवर हो सुरराज मतंग समान करी।
नहीं औषध पारद सिद्ध समो जिम केशरि सिंह समान हरी॥
रवि तेज समोग्रह शिव नहीं जिनदेव समान न धर्म धरी।
इसकारण सम्यक्त्व सभी जिनदेव भजोविध भक्ति भरी ४१०

अर्थ—विदेव में कल्प वृक्ष के समान और वृक्ष नहीं है ऐरावत् [हा]थी के समान और हाथी नहीं है शुद्ध श्रद्धा के समान और औषधि [न]हीं जैसे केसरी सिंह है वैसा और नहीं सूर्य से अंधकार प्रकाश करने [वा]ला ऐसा नहीं है जिनईश्वर देव के अहिंसा धर्म से प्रधान धर्म नहीं श्री जिन अरिहंत देव के समान कोई धर्म धारण करने वाला नहीं [इस]लिये इस कारण से सब सम्यक दृष्टि जीव जिनेश्वर परमात्मा को [धा]रण करते हृदय में ध्यान धरते तन मन में भक्ति करते हैं ॥४१०॥

[दि]न रात्रि कहा मणिकाच कहां विष अमृत हिमर्क दयाल कहां।
[सिंह] स्याल कहा खर नाग कहा गुरु अंतर पंडित मूढ़ कहा ॥
[कहा] सुन्दर माल कुचील विषे धनवंत कहा नर दीन कहा।
[जि]न शासन मोहिमूपा मतमाहि अमावस्य पूनमरात्रि कहा ४११

अर्थ—दिन और रात्रि मे अन्तर बहुत है जैसे दिन के परमाणु [नि]र्मल शुद्ध है उज्ज्वल श्रेष्ठ है और रात्रि के प्रमाणु अशुभ निकृष्ट [हैं] दिन के प्रमाणु सम्यक दृष्टि तारने वाले रात्रि के प्रमाणु मिथ्या [दृ]ष्टि संसार में डोबने वाले हैं कहा उत्तम श्रेष्टिमणि और कहाँ [क]ाच का टुकड़ा मणि तो धनवान बनावे और कहां काच कंगाल [ब]नावे इसलिये मणि काच में बड़ा अन्तर है विष मे अमृत मे [अ]धिक अन्तर है। विष तो जहर संसार में जन्म मरण बढ़ाने वाला [है] और अमृत संसार से पार करने वाला है अमृत करने वाला सुख [दे]ने वाला है हिंसा का और दया का हिंसा तो जीव को संसार में [दु]ःख के गोते बार २ लगायगी और जन्म मरण करायगी पाषाण के [स]मान हृदय को करेगी। दया का नाम अहिंसा प्रेम है करने वाले

और संसार में सुख पायेगा दु खों से छूट जायेगा रोग सोग चि
मिटायेगी आनन्द प्राप्ति होगी ज म मरण मिटा मुक्ति या स्वर्ग
जायेगा सिह स्याल म बड़ा अंतर हैं गीदड़ कायर डरपोक पशु है
शेर एक मद बहादुर पशु हैं। गिदड़ से नहीं डरते सिंह से मय ड
हैं गधे मे और हाथी में कितना बड़ा अन्तर है गधा तो एक ग
पशु हैं और हाथी एक पशु राजा है। पंडित कहा मूर्ख कहा मू
पंडित से बड़ा अन्तर हैं पंडित तो एक चतुर आदमी को कहते
और मूर्ख एक पशु के समान को कहते हैं रूपवंत म भील अं
अन्तर हैं रूपवंत जैसे राजकुमार रूपवत कोई हो कहते हैं जैसे रा
कुमार हो और कुरूपा हो तो कहते हैं जैसे भील हो काला पशु
धनवान निरधन में बड़ा अन्तर है धन वाला तो सर्व को प्रिय लग
है। निरधनी को देख कर उसको कोई बात भी नहीं पूछते पर
दृणा कि दृष्टि से देखते हैं। रात्री रात्रि म भी अंतर है अमाव
की रात्रि काली है तो पूणमासी की रात्रि महाउज्वल निमल सु
देने वाली है पुन्यवाली है कहा दया धर्म ? कहा पाप मय
हिंस्यामृषावाद तो अमवास्य के जैसा है महाअंध घोरविघोर है प
मह। और दया धम तो पूर्णमासीवत महा प्रकाश करने वाली पु
निर्जरा मय हैं निम चादनी का प्रकाश अहिंसा धर्म ॥४११॥

जल बिन्दु कहा नर सिंधु कहा सरसास सुमेरु प्रमान ॥
नर रक कहा सुरवर कहा जग स्वान त्रिया सुर धेनु कहा
खग काग अशाचन हस कहा बिल कुन्जर आपरमच जहा
गणका कहु शीलसती चतुरो इम अंतरो धर्म अधर्म तहा४

अर्थ —जिनराज का कथन है कि विचार कर देखो दोनों का कितना अन्तर है कहा एक पानी की बूंद का और समुद्र रमण समुद्र पस खास का दाना कहा। और सुमेरू पर्वत कहा कुबेर महादेव कहा, जगत् में एक कुत्ती कहा और कहा कामधेनु गाय, एक अपवित्र पक्षी काग और महा उत्तम पवित्र राजहंस। तिल कुटे हुवे भुंगा कुसर कहा और उज्वल उत्तम मेवे मय चक्रवर्ती की खीर भोजन कहा। एक वैश्याकुशीलनी कहा और महाशीलवती सती कहा। जैसे इन वस्तुओं मे बहुत अन्तर है इसी प्रकार से धर्म अधम में भेद जान लेणा चाहिये श्री अरिहन्त देवजी का यह कथन है ॥४१२॥

विन शील न रूप सुहावत है न दया विन धर्म सिद्धान्त विषै।
नहि दान विना धनवंत जमी ज्ञान क्रिया नहीं मोक्ष पषै॥
विनजीव शरीर न काज किसो जिम अङ्क विना बहु सुन्य लिखे।
जिन देव भजे विन सिद्धनहीं भवजीव सुनो मिसरो हरिषे ४१३

अर्थ —बिनाशीलवान पुरुष के रूप शोभा नहीं देता है और ऐसे ही बिना दया दुनिया मे धर्म नही होता है ऐसा शास्त्रों में कहा है भगवंत ने बिना दान देने से धनवंत पुरुष दुनिया में शोभा नहीं पाता है। और नहीं यशवन्त भी कहावा है बिना ज्ञान के शुद्ध क्रिया नहीं होती है क्रिया के बिना मुक्ति नहीं है बिना जीव के कलेवर किसी काम का नहीं है जैसे अंक के बिना बिंदी शोभा नहीं देती चाहे वितनी हों। सर्व लिखना निष्फल है। गिणती में कुछ नहीं गिणेंगे, और ऐसे ही श्रीजिनदेवादि देव के स्मरण किये बिना कार्य की सिद्धी न होगी इस वास्ते हे भव्य जीवों सुनों खुशी से श्री परमात्मा का स्मरण करो जाप करो शुभ शुद्ध भावना भावों ॥४१३॥

गज यूथ न गर्जत सिंह जहा जिह सोर अहिमर न तहां।
खग संघन संत सिंचान धसे नृप तज भए दलचोर कहां॥
रए केशव गर्जत शत्रु भजे दुति कीट नहि जिम भानु महा।
अघ आध गए तप धार सजे न पलड रहे जिनदेव जहा ४१४

